**परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय 1 हैदराबाद**

**सामयिक परीक्षा - 1 , जुलाई 2025**

**कक्षा- पांच** **वर्ग - -------** **विषय - हिन्दी**

**समय - 1 घंटा 30 मिनट** **पूर्णांक - 40**

**नाम - ---------------------------------------------------------** **अनुक्रमांक- -------**

**निरीक्षक के हस्ताक्षर- ----------------------** **परीक्षक के हस्ताक्षर- -------------**

प्रश्न- 1- नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। (5)
एक किसान अपना खेत जोत रहा था। अचानक कहीं से एक भालू आ गया। भालू किसान को मारने झपटा। किसान ने कहा, मुझे क्यों मारते हो? उपज होने दो, जो कहोगे वही खिलाऊंगा। भालू ने कहा, भूमि के ऊपर की उपज मेरी और नीचे की तुम्हारी रहेगी। किसान ने आलू बो दिया। उपज हुई तो भालू को पत्ते खाने को मिले। भालू चिढ़कर रह गया। अगली बार भालू ने कहा, देखो, इसबार भूमि के नीचे की उपज मेरी और ऊपर की तुम्हारी। इसबार किसान ने गेहूँ बो दिया। जब उपज हुई तो किसान को मिले चमकीले गेहूँ। भालू को मिलीं केवल जड़ें। भालू खींझकर रह गया।

क- एक किसान क्या जोत रहा था?

------------------------------------------------------------------------------

ख- किसने कहा? भूमि के ऊपर की उपज मेरी और नीचे की तुम्हारी रहेगी।

------------------------------------------------------------------------------

ग- भालू किसको मारने झपटा?

------------------------------------------------------------------------------

घ- अर्थ लिखो।

अचानक - --------------

ङ- विलोम शब्द लिखो।
आया X --------------

प्रश्न- 2- नीचे दी गई कविता को पढ़ो और दिए  गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। (5)

एक बीज था गया बहुत ही
गहराई में बोया।
उसी बीज के अंतर में था
नन्हा पौधा सोया।
उस पौधे को मंद पवन ने
आकर पास जगाया।
नन्ही - नन्ही बूंदों ने फिर
उस पर जल बरसाया।

क- कविता का उचित शीर्षक लिखो।

------------------------------------------------------------------------------

ख- उस पौधे को कौन जगाया?

------------------------------------------------------------------------------

ग- समान तुक वाले शब्द लिखो।

बोया - ---------

घ- अर्थ लिखो।

मंद - -----------

ङ - विलोम शब्द लिखो।

दूर X -----------

प्रश्न- 3- शब्दों की अंत्याक्षरी को पूरी करो। (2)

लहसुन ---------------------- नारियल --------------------

प्रश्न- 4- मलयालम, इस शब्द को जब उल्टा या सीधा लिखते या पढ़ते हैं तो यह एक समान ही रहता है। ऐसे ही दो शब्द और ढूंढ़कर नीचे लिखो। (2)

------------------------ ----------------------

प्रश्न- 5- नीचे दिए गए वाक्यों में सही विराम चिह्न लगाओ। (2)

क- गरमी की छुट्टियां थीं

ख- अरे बेटा कहाँ जा रहे हो

प्रश्न- 6- समान अर्थ वाले शब्द लिखो। (2)

आसमान --------------------------- पानी --------------------------

प्रश्न- 7- सही मिलान करो। (2)

| | |
|---|---|
| क- उसी बीज के अंतर में था | उठकर बाहर आओ। |
| ख- नन्ही - नन्ही बूंदों ने फिर | उसके तन में आई। |
| ग- अलसाई आंखें खोलो तुम | नन्हा पौधा सोया। |
| घ- एक अनोखी नई शक्ति - सी | उस पर जल बरसाया। |

प्रश्न- 8- नीचे दिए गए शब्द से वाक्य बनाओ। (2)

पवन- ---------------------------------------------------------------------------------

किसान- -----------------------------------------------------------------------------

प्रश्न- 9- नीचे दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द छांटकर लिखो। (3)

( किसान , खेलना , वह , भालू , आलू )

--------------------- --------------------- -------------------

प्रश्न- 10- नीचे दिए गए अक्षरों के क्रम को बदल कर शुद्ध शब्द लिखो। (1)

म ए क द - ---------------------------

प्रश्न- 11- नीचे दिए गए वाक्य को शुद्ध करो। (1)

दिनेश की माँ मशीन चलाते - चलाते एकदम ज़ोर से बोला।

------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न- 12- नीचे दिए गए अशुद्ध शब्द को शुद्ध करके लिखो। (1)

करमबद्ध - ------------------

प्रश्न- 13- नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखो और पांच वाक्य लिखो। (5)



-----------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न- 14- नीचे दिया गया कैलेंडर मार्च महीने का है। इसे ध्यानपूर्वक देखो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। (4)

**मार्च**

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 होलिका दहन | 14 होली | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 गुड़ी पड़वा, उगादी | 31 ईद-उल- फ़ितर | | | | | |

क- यह कैलेंडर किस महीने का है?

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

ख- इस महीने में कितने रविवार हैं?

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

ग- दिए गए कैलेंडर में कितने दिन हैं?

-----------------------------------------------------------------------------------------

घ- दिए गए कैलेंडर में महीने की शुरुआत किस दिन से शुरू हो रही है?

-----------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न- 15- नीचे दिए गए अनुच्छेद का सुलेख लिखो। (3)

घाघस को इलाज के लिए दूसरे विशेष चिकित्सकीय पिंजरे में रखा गया। उसके इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जा रही थी, उसके शरीर की भाप से सिंकाई भी की जाती थी और अब वह भोजन भी अच्छी तरह से लेने लग गया था पर उसकी हालत वैसी ही बनी हुई थी। चिड़ियाघर के सभी लोग चिंतित हो गये।

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------